# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 08.06.2022**

**मीडिया सेल, महोबा**

## जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा चलाया गया यातायात जागरुकता अभियान-

आज दिनांक 08.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के आदेशानुसार जनपद में यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये जाने व शासन द्वारा निर्धारित स्थान पर ऑटो स्टैण्ड को व्यवस्थित कराये जाने हेतु यातायात जागरुकता अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राम प्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा अभियान की कार्यवाही के क्रम में प्रभारी यातायात निरीक्षक श्री अनिरुद्ध कुमार सिंह एवं यातायात उ0नि0 सुरेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी कमल सिंह एवं अन्य यातायात पुलिसकर्मियों के साथ जनपद महोबा मुख्यालय में हमीरपुर चुंगी पर बनाए गए ऑटो / टेंपो स्टैंड को व्यवस्थित किया गया एवं टेंपो चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया साथ ही बिना हेलमेट बाइक चला रहे **15** बाइक चालकों को रोक कर उनको हेलमेट के लाभ एवं यातायात नियमों के बारे में बताया गया और उनके परिजनों के द्वारा मौके पर हेलमेट मंगाकर लगवाया गया और आवश्यक हिदायत देकर रवाना किया गया, इसी क्रम में नगर महोबा के सुभाष चौकी पर मुख्य आरक्षी ज्ञान सिंह, रोडवेज बस स्टैण्ड के पास मुख्य आरक्षी श्रीपाल और परमानंद तिराहे पर मुख्य आरक्षी कृष्ण कुमार द्वारा सघन वाहन चेकिंग कराई ग,ई जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर **48** वाहन चालकों का ई - चालान किया गया।

**हमारी प्राथमिकता आपके लिये निरंतर सेवाएं प्रदान करना है,**
**यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित सफ़र की शुरुआत पूर्ण जिम्मेदारी के साथ।**











प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आर0के0 गौतम के निर्देशन पर व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे धरपकड जुआ अभियान के तहत थाना कुलपहाड प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश कुमार द्वारा गठित टीम उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह मय हमराही गणों की मदद से ताश के पत्तो से रुपयो पैसो की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 06 नफर अभियुक्त गण 1.अरविन्द्र राजपूत पुत्र रामगोपाल राजपूत उम्र करीब 32 वर्ष 2.धर्मेन्द्र पाल पुत्र कल्लू पाल उम्र करीब 20 वर्ष 3.हरी सिंह राजपूत पुत्र लक्षुवा उम्र करीब 33 वर्ष 4.धरमराज राजपूत पुत्र सेवालाल उम्र करीब 20 वर्ष 5.खलक सिंह यादव पुत्र कन्धीलाल यादव उम्र करीब 40 वर्ष 6.अशोक राजपूत पुत्र सुखलाल उम्र करीब 43 वर्ष को ग्राम सिरमौर थाना कुलपहाड़ से मय मालफड 2960/- रूपये व 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 1110/- रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 138/2022 धारा 13 जुंआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह 2.कां0 देवेन्द्र राजपूत 3.कां0 मनोज कुमार 4.कां0 बिपिन कुमार यादव 5.कां0 आमिर खांन

**बरामदगी-** मालफड 2960/- रूपये,जामा तालाशी 1110/-रुपये व 52 अदद ताश पत्ता

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.अरविन्द्र राजपूत पुत्र रामगोपाल राजपूत उम्र करीब 32 वर्ष निवासी पचपहरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा 2.धर्मेन्द्र पाल पुत्र कल्लू पाल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम सिरमौर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 3.हरी सिंह राजपूत पुत्र लक्षुवा उम्र करीब 33 वर्ष निवासी ग्राम सिरमौर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 4.धरमराज राजपूत पुत्र सेवालाल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम सिरमौर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 5.खलक सिंह यादव पुत्र कन्धीलाल यादव उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम सिरमौर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 6.अशोक राजपूत पुत्र सुखलाल उम्र करीब 43 वर्ष निवासी ग्राम सिरमौर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 08.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेशचन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश कुमार द्वारा गठित टीम उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा 01 नफर अभियुक्त चरनदास कुशवाहा पुत्र काशी प्रसाद उम्र करीब 52 वर्ष निवासी मुहल्ला बाईपास खखरीपुरा बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को एक सफेद रंग के झोले मे 25 अदद क्वार्टर देशी शराब ठेका नाजायज के साथ पंचमुखी चौराहा से रेलवे स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 139/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा प्रभारी चौकी बेलाताल कुलपहाड़ महोबा
2.कां0 नौशाद अहमद थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा।

### बरामदगी-

25 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज

### गिरफ्तार अभियुक्त-

चरनदास कुशवाहा पुत्र काशी प्रसाद उम्र करीब 52 वर्ष निवासी मुहल्ला बाईपास खखरीपुरा बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 08.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर सिंह के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान वांछित/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारी के तहत थानाध्यक्ष श्रीनगर दिनेश तिवारी द्वारा गठित टीम उ0नि0 राम प्रताप यादव मय टीम द्वारा मुखबिर खास सूचना पर 01 नफर वांछित अभियुक्त को मु0अ0सं0 22/19 व मु0अ0स0 198/17 धारा 323/504/3(1)द, ध व 3(2)5 क एससीएसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रामविलाश पुत्र कल्लू शुक्ला उर्फ चिरौंजीलाल निवासी मुहल्ला बांसपहाड़िया कस्बा व थाना श्रीनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त रामविलाश पुत्र कल्लू शुक्ला उम्र 45 वर्ष निवासी मुहल्ला बांसपहाड़िया कस्बा व थाना श्रीनगर को विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को मान0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 राम प्रताप यादव थाना श्रीनगर जनपद महोबा
2. का0 अनुज कुमार थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रामविलाश पुत्र कल्लू शुक्ला उम्र 45वर्ष नि0 मु0 बांसपहाड़िया कस्बा व थाना श्रीनगर



# थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री उमेश कुमार के द्वारा गठित टीम के उ0नि0 सुनील कुमार मिश्र द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 58/2022 धारा 147/148/323/504/506/308/427 भादवि से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त जगदीश उर्फ जग्गा कुशवाहा पुत्र स्व0 नवल किशोर कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी मु0 हटवारा ( बाजार वार्ड) कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को बस स्टैण्ड कुलपहाड कस्बा व थाना कुलपहाड़ नियमानुसार गिरफ्तार कर सक्षम माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा प्रभारी चौकी बेलाताल कुलपहाड़ महोबा
2. कां0 उमाशंकर पटेल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
3. कां0 विकास सरोज थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

## गिरफ्तार अभियुक्त-

जगदीश उर्फ जग्गा कुशवाहा पुत्र स्व0 नवल किशोर कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी मु0 हटवारा ( बाजार वार्ड) कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 08.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेशचन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना महोबकंठ द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 दशमतलाल मय हमराह का0 अजय कोरी द्वारा लिलवा पुलिया के पास से अभियुक्त मनप्यारे पुत्र बुद्धु उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम कैथोकर थाना महोबकंठ जनपद महोबा से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से 15 ली0 कच्ची शराब देशी नाजायज बरामद होना । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 84/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 दशमतलाल थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. का0 अजय कोरी थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

मनप्यारे पुत्र बुद्धु उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम कैथोकर थाना महोबकंठ जिला महोबा

### बरामदगी-

एक प्लास्टिक की पिपिया मे 15 ली0 कच्ची देशी शराब नजायज बरामद होना



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली महोबा का किया गया औचक निरीक्षण, दिये गये आवश्यक निर्देश।

✓ शासन की मंशानुसार अपराधियों को चिन्हित कर करे कड़ी कार्यवाही।

✓ थाने के टॉप-1अपराधियों को नये सिरे से चिन्हित कर करें कड़ी कार्यवाही। 0

✓ थाने पर खड़े मुकदमाती / लावारिस वाहनों का करें विधिक निस्तारण।






आज दिनांक 08.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली महोबा का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें थाने के समस्त अभिलेखों, आईजीआरएस की स्थिति, कम्प्यूटर रूम, बैरक, भोजनालय, बन्दी हवालात आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में साफ-सफाई एवं अभिलेखों का उचित रखरखाव करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये, साथ ही थाने के भू-माफिया, टॉप-10, गैंगस्टर , गुण्डा , हिस्ट्रीशीटर, अपराध रजिस्टर न0-04, रजिस्टर न0-8 एवं महिला अपराध से सम्बन्धित अपराधियों की समीक्षा करते हुए अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला हेल्प डेस्क, सीएम हेल्पलाइन, जनशिकायत से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निरीक्षण करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने तथा जनसुनवाई को प्रभावी बनाने व छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए मौके पर पहुँचकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, प्र0नि0 कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह, प्र0नि0 यातायात महोबा श्री अनिरुद्ध कुमार सिंह सहित समस्त चौकी प्रभारी कोत0 व थाना कोतवाली महोबा में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर जानी गयी यातायात व्यवस्था, चिन्हित किये गये पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 08.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा यातायात सुगम बनाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने, शहर क्षेत्र में जहॉ ट्रैफिक अधिक रहता है वहॉ वन वे व्यवस्था लागू करने के प्रयासों के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर किया गया, शहर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आमजन में सुरक्षा का अहसास भी कराया गया एवं लोगो से जनसहयोग की अपील की गयी व अवैध अतिक्रमण के दृष्टिगत यातायात समस्या को देखते हुए दुकानदारों से संवाद स्थापित कर आवश्यक निर्देश देते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये, जिससे सड़को पर जाम न लगे एवं आमजन को कोई समस्या न उत्पन्न हो।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर श्री रामप्रवेश राय, प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री अनिरुद्ध कुमार सिंह के साथ शहर क्षेत्र में चिन्हित कर बनाये जा रहे प्रस्तावित पार्किंग स्थलों क्रमशः राठ चुंगी, परमानन्द तिराहा, झलकारी बाई तिराहा, हमीरपुर चुंगी, पुराना बस स्टैण्ड का स्थलीय निरीक्षण कर क्षेत्राधिकारी यातायात/प्रभारी निरीक्षक यातायात को नगर पालिका से समन्वय स्थापित कर सभी चिन्हित पार्किंग स्थलों पर जनमानस के लिये छांव हेतु शेड की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था व साफ-सफाई हेतु कूडेदान की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे यात्रियों को किसी दिक्कत का सामना न करना पडे।






# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2022

मीडिया सेल, महोबा

## फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले अभियुक्त को थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 08.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राम प्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह के द्वारा गठित की गयी उ.नि. सनय कुमार के नेतृत्व पुलिस टीम ने थानास्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 229/22 धारा 153क/505(2) भादवि व 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने वाले अभियुक्त अरूण ताम्रकार पुत्र मोतीलाल ताम्रकार निवासी आलमपुरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा को हिरासत पुलिस लिया गया व जामातलाशी मे पहने कैप्री पैन्ट से एक अदद मोबाइल फोन रेडमी 4ए जिसमे डली सिम का नम्बर-6392587190 व ईएमआई नम्बर- 866464037742062 व 866464037742070 है बरामद हुआ व पूछने पर बताया कि साहब मैने अपने इसी मोबाइल से मुस्लिम सम्प्रदाय के पैगम्बर के विरूद्ध आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक पर वायरल कर दी थी, अभियुक्त को गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

अरूण ताम्रकार पुत्र मोतीलाल ताम्रकार निवासी आलमपुरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा उम्र वर्ष 51

### पुलिस बल का विवरण

1. उसनय कुमार .नि.
2. हेबेचनलाल .का. 3. का. अरविन्द पाल



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में थाना अजनर/कबरई की महिला पुलिस टीम द्वारा थाना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के सचिवालय में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।





आज दिनांक 08.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति फेज-4" के तहत थानाध्यक्ष अजनर श्री लाखन सिंह व प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन में थाना पर गठित एंटीरोमियो टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत अपने-अपने बीट के ग्रामों में जाकर ग्राम सचिवालय में जन-चौपाल का आयोजन किया गया।

उक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम में छात्राओं/महिलाओं से उनकी समस्याऐं पूंछी गयी तथा सभी को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा, 1930- साइबर हेल्पलाइन तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किये गए।

उत्तर प्रदेश पुलिस

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 08.06.2022


# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।





आज दिनांक**08.06.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा **श्रीमती सुधा सिंह** के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर 67 ई-चालान किये गये।











